Title: Need to convert narrow-gauge rail line Between Billi Mora and Bahai into broad gauge in Gujarat and extend it up to Nasik.

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी) : महोदय, बिल्ली मोरा से बहाई के बीच नैरोगेज रेलवे लाइन है जबकि इसको बड़ी लाइन बनाकर लाभकारी बनाया जा सकता है, किन्तु रेलवे विभाग ने इस रेवे लाइन में सुधार करने हेतु कोई प्रयास नहीं किया है जिसके कारण यह रेलवे सेवा जो चार बार चलती थी, वह एक बार हो गई है और टिकट भी रेलवे डिब्बों में बेची जाती है। यह पूर्णतः पिछड़ा क्षेत्र है और आदिवासी बाहुल्य है और यहां के आदिवासियों के बीच यातायात का और कोई साधन नहीं है।

मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूँ कि इस रेलवे सेवा को नासिक तक बढ़ाया जाए जिससे रेलवे को राजस्व तो प्राप्त होगा ही, साथ ही साथ यहां के आदि वासी लोगों को आने जाने की सुविधा भी मिल सकेगी। इस रेलवे लाइन को बड़ी लाइन से जोड़ा जाए जिससे यहां का अन्य शहरों से सीधा संपर्क हो सके।